रिपोर्ट----

बी.एस.एन.वी.पी.जी.कॉलेज लखनऊ, संस्कृत विभाग द्वारा दिनांक 5 4.2024 को एक निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गयी।इस प्रतियोगिता में संस्कृत विभाग के द्वितीय, चतुर्थ एवं षष्ठ सेमेस्टर के प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया।इस प्रतियोगिता में मुकुल को प्रथम स्थान, टीना को द्वितीय स्थान, आकाश मिश्रा को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।निधि रावत और उमेश कुमार को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। इस अवसर पर संस्कृत विभाग की प्रभारी प्रोफेसर अनीता ओझा ने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताओं से विद्यार्थियों को सम्यक मार्ग प्राप्त होता है।संस्कृत विभाग की सहायक आचार्य डॉक्टर काजल ओझा ने कहा कि समय-समय पर ऐसी प्रतियोगिताओं का आयोजन होते रहना चाहिए जिससे विद्यार्थियों का बौद्धिक विकास हो सके। संस्कृत विभाग के सहायक आचार्य डॉ अरुण कुमार निषाद ने कहा कि विद्यार्थियों में कार्यत्रिक और भावित्री प्रतिभा का विकास हो इसके लिए ऐसे कार्यक्रम होने ही चाहिए।इससे विद्यार्थियों का विकास होता है। इस अवसर पर दिव्यांश गुप्ता, बृजेश गौतम, सुभाष थापा, आदि छात्र- छात्राएं उपस्थित रहे।